# 2019

## HINDI

( Major )

Paper : 5.3

**( Hindi Ka Natak Sahitya )**

*Full Marks* : 60

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) नाटक को परिभाषित कीजिए।

(ख) भरतमुनि ने नाटक की किस विशेषता पर प्रकाश डाला है?

(ग) 'आषाढ़ का एक दिन' में कितने अंक हैं?

(घ) अजातशत्रु के पिताजी कौन थे?

(ङ) लक्ष्मीनारायण मिश्र द्वारा लिखित किसी एक नाटक का नाम लिखिए।

(च) विलोम कौन है?

(छ) 'मिस्टर अभिमन्यु' किसका नाटक है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) ''माँ का जीवन भावना नहीं, कर्म है।'' किसने, किसे और क्यों कहा है?

(ख) ''शब्द और अर्थ राजपुरुषों की सम्पत्ति है जानकर आश्चर्य हुआ।'' संदर्भ स्पष्ट कीजिए।

(ग) वासवी कौन है?

(घ) ''वाक् संयम विश्व मैत्री की पहली सीढ़ी है।'' इसका तात्पर्य क्या है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×3=15

(क) नाटक के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ख) अभिनेयता के गुण 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक में हैं—स्पष्ट कीजिए।

(ग) वासवी और छलना के चरित्रों की तुलना कीजिए।

(घ) 'आषाढ़ का एक दिन' की मल्लिका का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ङ) 'अजातशत्रु' नाटक के नामकरण की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

जानते हो मैंने अपना नाम खोकर एक विशेषण उपार्जित किया है और अब मैं अपनी दृष्टि में नाम नहीं, केवल विशेषण हूँ।



( *Continued* )



**अथवा**

कुल-शील-पालन ही तो आर्य-ललनाओं का परमोज्ज्वल आभूषण है। स्त्रियों का वही मुख्य धन है।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) नाटक के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसके तत्त्वों पर प्रकाश डालिए।

(ख) अजातशत्रु की चारित्रिक विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(ग) 'आषाढ़ का एक दिन' की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए।

★★★